तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
29/3/21	अधिवक्ता अपीलांट ने बहस करते हुए निवेदन किया कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलांटगण को सुनवाई का समुचित अवसर नहीं दिया गया। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा मूल दावे में अपीलांटगण की अनुपस्थिति में निर्णय पारित किया गया। अपीलाधीन आराजी के अपीलांटगण खातेदार है। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलांटगण को सुनवाई का समुचित अवसर नहीं दिया गया। अतः अपीलांटगण की अपील स्वीकार की जावे। अधिवक्ता रेस्पो. ने बहस करते हुए निवेदन किया कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा रेस्पो. के नाम समन जारी किये जो तामील बजरिये प्राप्त हुए बावजूद सूचना जानबूझकर न्यायालय के समक्ष उप. नहीं हुए। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलांटगण को सुनवाई का समुचित अवसर दिया गया। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलाधीन आदेश विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन करते हुए पारित किया गया जिसमें किसी प्रकार की कोई वैधानिक त्रुटि नहीं नहीं।	

राजस्व अपील प्राधिकारी बाड़मेर

राजस्व अपील अधिकारी
बाड़मेर

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व ता... अहकाम जो हुक्म की तामी... जारी हुए
29/3/24	अतः अपीलार्थीगण की अपील मय अर्जी खारिज फरमाई जावे। अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस सुनने एवं पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने पर न्यायालय का निष्कर्ष है कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा मूल वाद में दिनांक 27/06/2017 को उभयपक्ष की अनुपस्थिति में कैस कोर्ट में निर्णय पारित किया गया। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलार्थीगण को सुनवाई का समुचित अवसर नहीं दिया गया। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलाधीन आदेश विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन किये बिना पारित किया गया जो प्राकृतिक न्याय सिद्धान्त के खिलाफ है। उपरोक्त विवेचन एवं तथ्यों के आलोक में अपील स्वीकार की जाती है तथा अधीनस्थ न्यायालय सहायक कलेक्टर सिवाना द्वारा पारित आदेश दिनांक 22/11/19 एवं निर्णय दिनांक 12.06.2017, 27/06/2017 को खारिज किया जाकर प्रकरण अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है कि अपीलार्थीगण को समुचित सुनवाई का अवसर देते हुए विधि सम्मत गुणावगुण पर निर्णय पारित करें। पत्रावली फैसल शुमार नम्बर से कम हो। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय को पालनार्थ भिजवाई जावे।	

राजस्व अपील प्राधिकारी बाड़मेर

राजस्व अपील अधिकारी बाड़मेर